भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद

सूबेदारगंज, इलाहाबाद - 211011

वेबसाइट - www.rrbald.nic.in एवं www.rrbald.gov.in **दूरभाष : (0532) 2222585**

दस्तावेज सत्यापन हेतु परिणाम

Dated : 04/04/2013

दिनांक 09/09/2012 को सम्पन्न हुई केन्द्रीय रोजगार सं0 1/2012 की कोटि–28 के कनिष्ठ अभियन्ता–डी.आर.जी. (सिविल) पद हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर निम्नलिखित अनुक्रमांक वाले अभ्यर्थियों को नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार रेल भर्ती बोर्ड के कार्यालय, सूबेदारगंज, इलाहाबाद में दिनांक 22 अप्रैल 2013 को सुबह 9.30 बजे से होने वाले दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाये जाने हेतु अस्थायी रूप से पात्र पाया गया है।

पद– कनिष्ठ अभियन्ता–डी.आर.जी. (सिविल), की कोटि– 28 एवं केन्द्रीय रोजगार सूचना सं0–1/2012,

2840020 2840017 2820016 (केवल तीन)

(प्रतीक्षा सूची) 2840021, 2840002, 2820015 (केवल तीन)

अभ्यर्थियो को; अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची के अनुरूपद्ध ''प्रमाण–पत्रों व अभ्यर्थता की वास्तविकता के सत्यापन'' हेतु अनन्तिमरूप से बुलाए गये हैं । पदों की संख्या में मुख्य रूप से पैनल के समक्ष चयनित अभ्यर्थियों के अनुपस्थित रहने की स्थिति में होने वाली कमी से बचने हेतु प्रतीक्षा सूची के अनुरूप उनमें से 30% प्रतिशत अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है। उपरोक्त अनुक्रमांक के अभ्यर्थी यह जान लें कि मात्र 'पत्रावलियों व अभ्यर्थता के सत्यापन' हेतु बुलाए जाने मात्र से उन्हें किसी भी दशा में रेलवे में नियुक्ति/भर्ती का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता।

सभी सफल अभ्यर्थियों को बुलावा–पत्र पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया है, तथापि डाक द्वारा सूचना न मिलने की स्थिति में सफल अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिया जाता है कि वे निर्धारित तिथि को उपस्थित हों। अभ्यर्थी अपनी जन्म–तिथि, योग्यता, जाति इत्यादि के समर्थन में अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ–साथ उनकी प्रमाणित प्रतियाँ/स्व–प्रमाणित प्रतियाँ एवं हाल में ही खींची हुई दो फोटोग्राफ्स भी साथ लायें। अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण–पत्र विशिष्ट प्रारूप के अनुसार क्रीमीलेयर वर्ग से सम्बन्धित नहीं होना चाहिए। अभ्यर्थियों को यह आश्वस्त होना चाहिए कि उनके मूल प्रमाण–पत्र में उल्लिखित उनका नाम, उनके पिता का नाम और अन्य विवरण तथा उनके द्वारा भरे गये आवेदन पत्र के विवरण में समानता अवश्य होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यह भी अवश्य आश्वस्त होना चाहिए कि उनके जाति प्रमाण–पत्रों में उल्लिखित स्थायी पता और उनके द्वारा आवेदन–पत्र में भरा गया पता अवश्य समान होना चाहिए।

आवश्यक :– ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों से सावधान रहें जो कि अभ्यर्थियों को अवैध तरीके से नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर गुमराह करते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत है तथा अभ्यर्थी का चयन मेरिट के आधार पर ही होता है। यद्यपि उपरोक्त परिणाम प्रत्यके सावधानी के साथ तैयार किया गया है फिर भी अनजाने में हुई त्रुटि की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। बाद में सुधार करने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है।

परिणाम/सूचना रेलवे भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की वेबसाइट – www.rrbald.nic.in एवं www.rrbald.gov.in पर भी उपलब्ध है और हेल्प लाइन टेलीफोन नं0 0532.2222585 है।

अध्यक्ष

'ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ'